रविवार
कोलकाता, 17.02.2019
prabhatkhabar.com
अखबार नहीं आंदोलन
# प्रभात खबर
राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 साल



# विज्ञान प्रदर्शनी से निखरती है प्रतिभा



- दिल्ली पब्लिक स्कूल में लगायी गयी विज्ञान व कला प्रदर्शनी
- सेल-आइएसपी के इडी (पीएंडए) सीएस सिन्हा ने किया उद्घाटन

**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान व कला प्रदर्शनी लगाई गई. इसमें दो सौ विद्यार्थियों ने रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया. सेल-आइएसपी के कार्यकारी निदेशक (कार्मिक सह प्रशासन) चंद्रशेखर सिन्हा उपस्थित थे.

विशेष प्रार्थना सभा की गई. प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने अतिथियों को सम्मानित किया. इसके बाद श्री सिन्हा ने विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया. कक्षा तीन से लेकर नौवीं तक के छात्रों ने विभिन्न विषयों से सम्बंधित मॉडल्स प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. नन्हें वैज्ञानिकों की प्रतिभा प्रशंनीय थी. मॉडल्स में वाटर लेवल अलार्म, क्रॉप इरीगेशन अलार्म, वाइ-फाइ, ध्वनि नियंत्रित कार, वैक्यूम क्लीनर, रोबोट, रेनवाटर हार्वेस्टिंग आदि आकर्षण के केन्द्र बने. जूनियर वर्ग के छात्रों द्वारा निर्मित आकर्षक वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई. उनसे बच्चों की रचनात्मकता की जानकारी मिल रही थी.

श्री सिन्हा ने सभी मॉडल्स देखे तथा छात्रों से उनके बारे में जानकारी ली. उन्होंने छात्रों के इस रचनात्मक कार्य की मुक्त-कंठ से प्रशंसा की तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है.

उन्होंने कहा कि बच्चों में विज्ञान के प्रति रूचि और परिष्कार होगी तथा आगे चलकर इस क्षेत्र में नवीन आविष्कारों की प्रेरणा मिलेगी. बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा छात्रों से प्रश्न पूछकर जिज्ञासा को शांत किया.

प्रधानाचार्य श्री शर्मा ने कहा कि विज्ञान कठिन विषय माना जाता है लेकिन प्रयोगाधारित शिक्षा इस विषय को मनोरंजक बनाती है और जानकारी को प्रभावी ढंग से आत्मसात कराती है जिससे छात्र उन्हें सीखते ही नहीं वरन व्यावहारिक जीवन में उनका यथोचित उपयोग भी करते हैं.